प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6523 दिनांकः 04 फरवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त छात्र/छात्राएं
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर के प्रथम चरण की आयोजित प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा (ESE & Sessional) तथा थ्योरि सेशनल अंको को ई0आर0पी0 पर अपलोड/प्रेषित किये जाने की तिथि विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/6491 दिनांक 13 जनवरी, 2023 एवं पत्रांक संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/6508 दिनांक 28 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022–23 के विषम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बी0टेक0, बी0फार्म, एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षायें जो दिनांक 16 से 03 फरवरी, 2023 तक सम्पन्न कराई गयी हैं के प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (ESE & Sessional) तथा थ्योरि सेशनल अंको को दिनांक 03 फरवरी, 2023 तक ई0आर0पी0 पर अपलोड/प्रेषित किये जाने की सूचना दी गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में **प्रथम चरण** की सम्पन्न कराई गई प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट परीक्षा के सन्दर्भ में कतिपय संस्थानों/छात्रों द्वारा किये गये अनुरोध को स्वीकार करते हुए **प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (ESE & Sessional) तथा थ्योरि सेशनल अंको** को ई0आर0पी0 पोर्टल के माध्यम से अपलोड/प्रेषित किये जाने की निर्धारित उपरोक्त अन्तिम तिथि को **दिनांक 08 फरवरी, 2023 तक विस्तारित** करते हुए ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए संस्था स्तर से अपलोड किये जाने वाले प्रयोगात्मक/प्रोजेक्ट (ESE & Sessional) तथा थ्योरि सेशनल अंको को ई0आर0पी0 पोर्टल पर अपलोड/प्रेषित कराते हुए **हस्ताक्षरित हार्ड कापी दिनांक 11 फरवरी, 2023 तक स्पाइरल बाइन्डिंग** के साथ प्रत्येक दशा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में में जमा करने का कष्ट करें।

भवदीय

04.2.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक